डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने साईन किया एमओयू– एसबीआई अपनी केसीसी/ केएसआर योजनाओं के तहत डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की चार चीनी फैक्टरियों के क्षेत्रों में गन्ना किसानों को कम ब्याज़ दरों पर ऋण देगा

डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत एसबीआई किसान क्रेडिट कार्ड्स (केसीसी) और किसान समृद्धि रिन (केएसआर) के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हरदोई एवं लखीमपुर खेड़ी ज़िलों में स्थित डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की चार फैक्टरियों के क्षेत्र में गन्ना किसानों को कम ब्याज़ दरों पर ऋण उपलब्ध कराएगा।

किसान क्रेडिट कार्ड्स (केसीसी) और किसान समृद्धि रिन (केएसआर) के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए यह एमओयू साईन किया गया है ताकि भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप किसानों को बिना अतिरिक्त गारंटी के एवं आकर्षक ब्याज़ दरों पर निर्धारित सीमा तक आसानी से ऋण मिल सकें।

एमओयू पर हस्ताक्षर श्री अरूण कुमार साहु, जीएम, एसबीआई तथा मिस गुरप्रीत कौर, डीजीएम, एसबीआई, श्री सिद्धार्थ जैन, हैड ट्रेज़री एण्ड इन्वेस्टर रिलेशन्स, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की मौजूदगी में किए गए। इस अवसर पर श्री कुलदीप सिंह, युनिट हैड, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, शुगर एण्ड डिस्टीलरी, अजबापुर भी मौजूद रहे।

साझेदारी के बारे में बात करते हुए श्री सिद्धार्थ जैन ने कहा, *''केसीसी/ केएसआर किसानों को एकल खिड़की प्रणाली के द्वारा ऋण में उचित सहयोग पाने में मदद कर सकते हैं, और उनकी कृषि सामग्री जैसे खाद, बीज एवं उपकरण संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने, अच्छी कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा किसान के परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने में योगदान दे सकते हैं।''*

श्री कुलदीप सिंह ने कहा, ''केसीसी और केएसआर के माध्यम से कम ब्याज़ पर एसबीआई से ऋण मिलने से ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ऐसा होने से संकटकालीन बिक्री की रोकथाम होगी और किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर कीमतें मिलेंगी।

ऐसी परिकल्पना की गई है कि छोटे एवं सीमांत किसानों में केसीसी की स्वीकार्यता बढ़ने से दूरगामी प्रभाव होंगे। साथ ही किसान इस साझेदारी के माध्यम से अन्य किसान विशिष्ट योजनाओं/ ऋण जैसे खेत मशीनीकरण, फसल ऋण आदि का लाभ उठा सकेंगे।